# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| MID TERM EXAMINATION 2022-23 | | |
|---|---|---|
| CLASS-IX | SUBJECT- HINDI (2ND LANG.) | MAX. MARKS: 80 |
| Date: 27.09.22 | SET: ONE | Time: 3 hours |

**निर्देश:**

(क) इस प्रश्न पत्र के दो खंड हैं- 'अ' और 'ब' । इस प्रश्न-पत्र में 9 पृष्ठ हैं ।

(ख) खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित कुल 44 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(ग) खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(घ) दोनों खंडों के कुल 18 प्रश्न हैं । दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

(च) यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।

**खंड–अ वस्तुपरक प्रश्न (अंक 40)**

**अपठित गद्यांश (10 अंक)** **1x5= 5**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों में से चुनिए:**

गुब्बारे वाला लाल, पीले, नीले, हरे और बैंगनी गुब्बारों को आकाश में उड़ाता हुआ चिल्ला रहा था – "ले लो गुब्बारे, उड़ा दो इन्हें चाँद-तारों तक।" गुब्बारे आकाश में उड़ रहे थे, बच्चे उत्सुक होकर उन्हें तब तक देखे जा रहे थे, जब तक वे आँखों की पहुँच के बाहर जाकर असीम आकाश में छिप नहीं जाते थे।

एक काला-सा बच्चा गुब्बारे वाले के सामने जाकर खड़ा हो गया। बोला, "गुब्बारे वाले अंकल! क्या काले रंग का गुब्बारा भी इतनी ही ऊँचाइयों तक उड़ सकता है?। – गुब्बारे वाले ने बच्चे को देखा और जाने क्या सोचकर उसने उसके गालों को थपथपाते हुए कहा, । बेटे! काला या लाल, पीला या हरा होने से गुब्बारा नहीं उड़ता; वह ऊँचे से ऊँचा उड़ता है, उस गैस के बल पर जो उसमें भरी रहती है। गुब्बारों की ही तरह आदमी भी गोरा या काला हो सकता है, पर उसका ज़िंदगी की ऊँचाइयों को छूना इस पर निर्भर है कि उसके भीतर उड़ान की कितनी भूख है, उड़ने की कितनी योग्यता और शक्ति है। आदमी की गैस जो उसे उड़ाती है, उसका संकल्प है, इरादा है, उसकी मेहनत है। याद रखो – विश्वास, प्रयास और अभ्यास ही आदमी को ऊँचे-से-ऊँचे आकाश तक उड़ाते हैं।" बच्चा खुश एवं संतुष्ट होकर चला गया।

(i) काले-से बच्चे ने गुब्बारे वाले से क्या पूछा?

(क) क्या सारे गुब्बारे काले हो सकते हैं ?

(ख) क्या सभी गुब्बारे इतनी ही ऊँचाई तक उड़ सकते हैं ?

(ग) क्या काले रंग का गुब्बारा भी उतनी ही ऊँचाई तक उड़ सकता है ?

(घ) सभी गुब्बारे लाल, पीले या हरे रंग के क्यों नहीं होते ?

(ii) गुब्बारे वाले ने बच्चे को क्या याद रखने के लिए कहा?

(क) गैस ही आदमी को ऊँचाई तक उड़ा सकती है।

(ख) विश्वास, प्रयास और अभ्यास ही आदमी को ऊँचे-से-ऊँचे आकाश तक उड़ाते हैं।

(ग) आदमी का रंग ही उसे ऊँचाई तक ले जाता है।

(घ) भूखा आदमी अधिक ऊँचाई तक उड़ता है।

(iii) ज़िंदगी की ऊँचाइयों को छूना किस बात पर निर्भर है?

(क) आदमी के भीतर उड़ने की कितनी योग्यता और शक्ति है।

(ख) उसका संकल्प उसे उड़ने नहीं देता।

(ग) उसकी मेहनत उसे नीचे गिराती है।

(घ) वह कितनी अधिक भूख बर्दाश्त कर सकता है।

(iv) बच्चे किसकी ओर देख रहे थे?

(क) असीम आकाश की ओर — (ख) अनगिनत चाँद-तारों की ओर

(ग) उत्सुक होकर उड़ते हुए गुब्बारों की ओर — (घ) इनमें से किसी की ओर नहीं

(v) प्रस्तुत गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक हो सकता है –

(क) आकाश और तारे — (ख) गोरा या काला

(ग) गुब्बारे की गैस — (घ) गुब्बारे वाला

**1x5= 5**

**प्रश्न-2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों में से चुनिए:**

परिश्रम का महत्त्व वे जानते हैं जो स्वयं अपने बल पर आगे बढ़े हैं । संसार के अनेक महापुरुष परिश्रम के प्रमाण हैं । कालिदास, तुलसी और गोर्की परिश्रम से ही अमर हुए। संसार के इतिहास में अनेक चमकते सितारे केवल परिश्रम के ही प्रमाण हैं। बड़े-बड़े धन-कुबेर निरंतर श्रम से ही असीम संपत्ति के स्वामी बने हैं। फोर्ड साधारण मैकनिक था। धीरू भाई अंबानी शिक्षक थे। लगन और दृढ़ संकल्प परिश्रम को सार्थक बना देते हैं। गरीबी के साथ परिश्रम जुड़ जाए तो सफलता मिलती है और अमीरी के साथ श्रमहीनता या निठल्लापन आ जाए तो असफलता मिलती है। भारतीय कृषक के परिश्रम का ही फल है कि देश में हरित क्रांति हुई। अमेरिका के सड़े गेहूँ से पेट भरने वाला देश आज गेहूँ का निर्यात कर रहा है। कल-कारखाने रात-दिन उत्पादन कर रहे हैं। हमारे वस्त्र दुनिया के बाज़ारों में बिकते हैं। उन्नत औद्योगिक देश भी हमसे वैज्ञानिक उपकरण खरीद रहे हैं। किसी क्षेत्र में हम

पिछड़े हैं तो उसका कारण है वहाँ परिश्रम का अभाव। विद्यार्थी जीवन तो परिश्रम की पहली पाठशाला है। यहाँ से परिश्रम की आदत पड़ जाए तो ठीक, अन्यथा जाने कहाँ-कहाँ की ठोकरें खानी पड़े। एडिसन से किसी ने कहा–आपकी सफलता का कारण आपकी प्रतिभा है। एडिसन ने चटपट सुधारा–प्रतिभा के माने एक औंस बुद्धि और एक टन परिश्रम।

(i) परिश्रम को सार्थक बना देते हैं -

(क) आलस्य और श्रमहीनता (ख) धन

(ग) ईर्ष्या और निराशा (घ) लगन और दृढ़-संकल्प

(ii) 'निठल्लापन' में कौन-सा प्रत्यय है?

(क) नि (ख) न

(ग) अन (घ) पन

(iii) भारत में हरित-क्रांति किसके परिणामस्वरूप हुई?

(क) अमेरिका के सहयोग के (ख) वैज्ञानिक उन्नति के

(ग) भारतीय किसानों के परिश्रम के (घ) भारत सरकार के सहयोग के

(iv) एडिसन के अनुसार, उनकी प्रगति का मूल कारण क्या था?

(क) प्रतिभा (ख) परिश्रम

(ग) प्रतिभा और परिश्रम (घ) ईश-कृपा

(v) गद्यांश का उचित शीर्षक होगा –

(क) परिश्रम का महत्त्व (ख) एडिसन

(ग) धन-कुबेर (घ) भारतीय कृषक

**व्यावहारिक व्याकरण (16 अंक)**

**प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों का चयन कीजिए:-** **1x2=2**

(i) "<u>**विद्यार्थी**</u> को पुरस्कार मिला।"- रेखांकित को क्या कहते हैं ?

(क) पद (ख) शब्द (ग) स्वर (घ) व्यंजन

(ii) शब्द स्वतंत्र और ________ होते हैं।

(क) अर्थहीन (ख) अर्थवान (ग) निरर्थक (घ) बंधे हुए

**प्रश्न 4. निम्नलिखित <u>तीन</u> प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए l** **1x2=2**

(i) शुद्ध रूप चुनिए -

(क)मन्गल (ख)मगल (ग) मंगल (घ) मँगल

(ii) अनुनासिक का सही प्रयोग किस में हुआ है?

(क) धुँआ (ख) महगाँई (ग) बँहुए (घ) पहाड़ियाँ

(iii) शुद्ध रूप चुनिए-

(क) संक्रमण (ख) सँक्रमण (ग) सक्रमण (घ) संक्रमन

**प्रश्न 5. निम्नलिखित <u>पाँच</u> भागों में से किन्हीं <u>चार</u> भागों के उत्तर दीजिए:-** **1x4=4**

(1) 'बद'-उपसर्ग से बना शब्द है -

(क) बदलाव (ख) बदसूरत (ग) बदौलत (घ) बदलना

(2) 'गैरकानूनी'-में कौन-सा उपसर्ग है?

(क) गै (ख) नी (ग) गैरा (घ) गैर

(3) 'ईन'-प्रत्यय से बना शब्द है -

(क) मालकिन (ख) नमकीन (ग) सुनारिन (घ) इन्होंने

(4) 'प्रमाणित'-शब्द में कौन-सा प्रत्यय है?

(क) त (ख) णित (ग) इत (घ) ईत

(5) 'सामाजिक'- मूल शब्द और प्रत्यय अलग कीजिए-

(क) सामा+जिक (ख) सामाज+इक (ग) समाज+इक (घ) सामाजि+क

**प्रश्न 6. निम्नलिखित <u>पाँच</u> भागों में से किन्हीं <u>चार</u> भागों के उत्तर दीजिए:-** **1x4=4**

(i) मत + अनुसार – संधि कीजिए-

(क) मतनुसार (ख) मतैनुसार (ग) मतेनुसार (घ). मतानुसार

(ii) 'चंद्रोदय'- संधि विच्छेद कीजिए-

(क) चंद्रो+द (ख) चंद्र+ओदय (ग) चंद्र+उदय (घ) चंद्र+दय

(iii) 'महा + ऋषि'- संधि कीजिए-

(क) महर्षि (ख) महर्षी (ग) महरिषी (घ) महाऋषि

(iv) 'दयानंद'-संधि विच्छेद कीजिए-

(क) दया+नंद (ख)दय+नंद (ग) दया+अनंद (घ) दया+आनंद

(v) रवि + इंद्र – संधि कीजिए-

(क) रविन्द्र (ख)रविइंद्र (ग) रवीएन्द्र (घ) रवींद्र

**प्रश्न-7- निम्नलिखित पाँच भागों में से किन्हीं चार भागों के उत्तर दीजिए:-** **1x4=4**

(i) ( ) इस विराम-चिह्न का नाम लिखिए-

(क) योजक चिह्न (ख) लाघव चिह्न (ग) हंसपद (घ) कोष्ठक

(ii) 'अर्धविराम' -के लिए कौन-सा विराम-चिह्न है?

(क) ; (ख) , (ग) ! (घ) _

(iii) जिस वाक्य में सही विराम-चिह्न लगे हैं, उसे चुनकर लिखिए-

(क) आह कितना मनोरम दृश्य है l (ख) आह कितना ! मनोरम दृश्य है ?

(ग) आह ! कितना मनोरम दृश्य है l (घ) आह कितना मनोरम दृश्य है !

(iv) विराम का अर्थ है-

(क) भागना (ख) रुकना (ग) खेलना (घ) चढ़ना

(v) जिस वाक्य में सही विराम-चिह्न लगे हैं, उसे चुनकर लिखिए-

क) बाज़ार से अच्छे अच्छे फल लाओ? (ख) बाज़ार से अच्छे, अच्छे फल लाओ l

(ग) बाज़ार से अच्छे, अच्छे फल लाओ! (घ) बाज़ार से अच्छे-अच्छे फल लाओ l

**पाठ्य-पुस्तक (14 अंक)** **1x5=5**

**प्रश्न-8.निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए:-**

ऐसी लाल तुझ बिनु कउनु करै l
गरीब निवाजु गुसईआ मेरा माथै छत्रु धरै ll
जाकी छोति जगत कउ लागै ता पर तुहीं ढरै l
नीचहु ऊच करै मेरा गोबिंदु काहू ते न डरै ll

नामदेव कबीरु तिलोचनु सधना सैनु तरै ।
कहि रविदासु सुनहु रे संतहु हरिजीउ ते सभै सरै ॥

(i)कवि ने प्रभु के किस रूप का वर्णन किया है?

(क) विध्वंसक (ख) रक्षक

(ग) भक्षक (घ) विरोधी

(ii) कवि ने इस पद में प्रभु द्वारा किस के उद्धार की बात **नहीं** कही-

(क) कबीर (ख) नामदेव

(ग) अहल्या (घ) त्रिलोचन

(iii) 'जाकी छोती जगत कऊ लागै'-में 'छोति' क्या है?

(क) स्नेह (ख) स्पर्श

(ग) संदेश (घ) संदेह

(iv) ईश्वर किसको कैसा बना देता है?

(क) नीच को उच्च बनाना (ख) उच्च को नीच बनाना

(ग) अमीर को गरीब बनाना (घ) अमीर को भिखारी बनाना

(v) कवि ने ईश्वर को किन-किन नामों से पुकारा है?

(क) लाल, रविदासु (ख) गुसईआ, गोबिंदु, हरिजीउ

(ग) नामदेव, कबीरु (घ) सधना, सैनु

**प्रश्न-9.निम्नलिखित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए:- 1x2=2**

(i) 'उदधि बड़ाई कौन है, जगत प्यासो जाय' -सागर के पास जाकर भी लोग प्यासा क्यों रह जाते हैं ?

(क) पानी बहुत गहरा होता है (ख) पानी खारा होता है

(ग) पानी में रेत होती है (घ) पानी बहुत गरम होता है

(ii) 'नाद रीझि तन देत मृग'- किस पर रीझकर मृग अपने प्राण दे देता है?

(क) बादलों पर (ख) पेड़-पौधों पर

(ग) संगीत पर (घ) मनुष्य पर

**1x5=5**

**प्रश्न-10.निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए:-**

जब अप्रैल में मैं बैस कैंप में थी, तेनजिंग अपनी सब से छोटी सुपुत्री डेकी के साथ हमारे पास आए थे l उन्होंने इस बात पर विशेष महत्त्व दिया कि दल के प्रत्येक सदस्य और प्रत्येक शेरपा कुली से बातचीत की जाए l जब मेरी बारी आई, मैंने अपना परिचय यह कहकर दिया कि मैं बिलकुल ही नौसिखिया हूँ और एवेरेस्ट मेरा पहला अभियान है l तेनजिंग हँसे और मुझसे कहा कि एवेरेस्ट उनके लिए भी पहला अभियान है, लेकिन यह भी स्पष्ट किया कि शिखर पर पहुँचने से पहले उन्हें सात बार एवेरेस्ट पर जाना पड़ा था l फिर अपना हाथ मेरे कंधे पर रखते हुए उन्होंने कहा, "तुम एक पक्की पर्वतीय लड़की लगती हो l" तुम्हें तो शिखर पर पहले ही प्रयास में पहुँच जाना चाहिए l

(i) तेनजिंग बैस कैंप में किसके साथ आए थे ?

(क) अपनी पत्नी के साथ (ख) अपनी बहन के साथ

(ग) अपनी माँ के साथ (घ) अपनी पुत्री के साथ

(ii) "मैं बिलकुल ही नौसिखिया हूँ l" -यह वाक्य किसने किससे कहा?

(क) बचेंद्री ने कर्नल खुल्लर से (ख) कर्नल खुल्लर ने तेनजिंग से

(ग) बचेंद्री ने तेनजिंग से (घ) तेनजिंग ने बचेंद्री से

(iii) एवेरेस्ट बचेंद्री का _______ अभियान था।

(क) दूसरा (ख) तीसरा (ग) पहला (घ) चौथा

(iv) "तुम एक पक्की पर्वतीय लड़की लगती होl"- पक्की पर्वतीय लड़की-किसे कहा गया है -

(क) मीनू को (ख) बचेंद्री को (ग) रीता (घ) नौकरानी को

(v) उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

(क) एवेरेस्ट (ख) मेरी यात्रा

(ग) एवेरेस्ट की यात्रा (घ) एवेरेस्ट: मेरी शिखर यात्रा

**प्रश्न-11.निम्नलिखित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए:-** **1x2=2**

(i) "अंदर ही अंदर कहीं मेरा बटुआ काँप गया l"-बटुआ क्यों काँपने लगा?

(क) लेखक के बटुए में फोन रखा था (ख) लेखक के पैर काँपने के कारण

(ग) लेखक का बजट गड़बड़ा गया था (घ) उपर्युक्त सभी

(ii) 'खरबूज़ों को बेचनेवाली कपड़े से मुँह छिपाए रो रही थी l'-स्त्री का रोना देखकर लेखक का मन कैसा हो गया?

(क) प्रसन्न हो गया (ख) चिंतित हो गया (ग) घृणित हो गया (घ) व्यथित हो गया

## खंड 'ब' वर्णनात्मक प्रश्न (अंक 40)

### पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक (अंक 18)

**प्रश्न 12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं *दो* के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए:- 3×2=6**

(i) लड़के की मृत्यु के दूसरे दिन बुढ़िया खरबूज़े बेचने क्यों निकल पड़ी?

(ii) लेखिका के तंबू में गिरे बर्फ़ पिंड का वर्णन किस तरह किया गया है?

(iii) जब अतिथि चार दिन तक नहीं गया तो लेखक के व्यवहार में क्या-क्या परिवर्तन आए?

**प्रश्न 13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं *दो* के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए:- 3×2=6**

(i) रैदास द्वारा रचित पहले पद का केन्द्रीय भाव लिखिए ।

(ii) प्रेम का धागा टूटने पर पहले की भाँति क्यों नहीं हो पाता?

(iii) 'मोती, मानुष, चून'-के संदर्भ में पानी के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए-

**प्रश्न 14. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं *दो* के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए:- 3×2=6**

(i) गिलहरी के घायल बच्चे का उपचार किस प्रकार किया गया?

(ii) मक्खनपुर पढ़ने जाने वाली बच्चों की टोली रास्ते में पड़ने वाले कुएँ में ढेला क्यों फेंकती थी?

(iii) किन कारणों से लेखक ने चिट्ठियों को निकालने का निर्णय लिया?

## लेखन (अंक 22)

**प्रश्न-15.निम्नलिखित में से किसी *एक* विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए:- 6**

**1. सुख-दुःख का साथी पड़ोसी**- * मनुष्य एक सामाजिक प्राणी * पड़ोसी का महत्त्व * मिल-जुलकर रहना * निष्कर्ष

**2. मेरी अविस्मर्णीय यात्रा** –* यात्रा की प्रेरणा * यात्रा की तैयारी * यात्रा का वर्णन * वापसी

3. **यदि मैं स्कूल का प्राचार्य होता / प्राचार्या होती -** * भूमिका * ज़िम्मेदारी * शिक्षा प्रणाली में सुधार * खेल- कूद को बढ़ावा * उपसंहार

**प्रश्न-16**. जन्मदिन पर मित्र द्वारा भेजे गए उपहार के लिए उसका आभार प्रकट करते हुए 120 शब्दों में एक पत्र लिखिए। 6

***अथवा***


अपने विद्यालय में आयोजित 'शिक्षक दिवस' का वर्णन करते हुए अपनी नानी जी को 120 शब्दों पत्र लिखिए-

**प्रश्न-17**. आपको रेलवे स्टेशन जाने के लिए एक ऑटो-रिक्शा लेना है। इस संबंध में ऑटो-रिक्शा वाले से संभावित बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए - 5

***अथवा***

पिकनिक पर जाने के लिए पिताजी से अनुमति माँगने के संबंध में हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए -

**प्रश्न-18**. दिए गए चित्र का लगभग 100 शब्दों में वर्णन कीजिए- **5**



000000000